EST-1994

# SWAMI VIVEKANAND GOVERNMENT COLLEGE GHUMARWIN

*Affiliated to Himachal Pradesh University Shimla*

*(File No. 1-128/94-HPU (Acad.)Vol.-III*

**Website: www. https://gcghumarwin.ac.in/e-mail: gcghumarwin-hp@nic.in**

**Phone No.01978255551**

**2.3.1: Student centric methods such as experimental learning, participative learning and problem solving methodologies are used for enhancing learning experiences.**

1. Yoga day celebration by students
2. Cleanliness drive by the students
3. Organization of Blood donation camp
4. Developing teachership qualities among students
5. Public awareness program about election process
6. Training Program of BBA BCA
7. Collective Activity Sanbidhan Divas and Rangoli/Mehndi Competition
8. Educational Trip by MSc Math's and MSc Chemistry students
9. Practical work by the students
10. Awareness Program against Drug Abuse
11. State Level Participation program of Rangers and Rovers

# Yoga day celebration by student

दैनिक जागरण 03/08/2023

## घुमारवीं कालेज ने केरल के साथ साझा की संस्कृति

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट कालेज घुमारवीं ने टीकेएम कालेज आफ आर्ट्स एंड साइंस कोल्लम, केरल के साथ आनलाइन इंटरेक्शन कार्यक्रम करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण और मुख्यअतिथि टीकेएम कालेज कोल्लम, केरल ने की। दोनों महाविद्यालयों के लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2015 को सरदार वल्लभ भाई पटेल के 140वें जन्मदिन पर की थी। कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय के छात्रों ने एक लोकगीत के साथ की। इसके उपरांत हिमाचल प्रदेश पर एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीकेएम कालेज आफ आर्ट्स एंड साइंस केरल के छात्रों ने वहां की समृद्ध सांस्कृतिक और समृद्ध संस्कृति पर वृत्तचित्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रो. रीना शर्मा, डा. नितम चंदेल, प्रो. ज्योति बरवाल, प्रो. पूनम, प्रो. रजनी, प्रो. प्रियंका व 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में योग सीखते विद्यार्थी • जागरण

## घुमारवीं कालेज विद्यार्थियों ने सीखी योग की क्रियाएं

कन्या छात्रावास योग केंद्र व जेंडर चैंपियन क्लब ने योग प्रदर्शन प्रतियोगिता और योग प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्रिवेंशन आफ ड्रग्स एंड सबस्टेंस एब्यूजिंग अमंग चिल्ड्रन एंड इलिसिट ट्रैफकिंग वीक के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के तहत वीरवार को कन्या छात्रावास योग केंद्र और जेंडर चैंपियन क्लब ने मिलकर योग प्रदर्शन प्रतियोगिता और योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

योग प्रदर्शन प्रतियोगिता में एमएससी प्रथम सेमेस्टर की दीक्षा शर्मा ने प्रथम और बीए तृतीय वर्ष की जागृति धीमान व एमएससी प्रथम सेमेस्टर की शबनम कौंडल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कार्यशाला में योग केंद्र प्रभारी डा. रीता ने सामान्य योगाभ्यास क्रम के अनुसार विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया। इस अवसर पर प्रो. सुरेश शर्मा, डा. ज्योतिप्रभा, प्रो. ललित व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## Cleanliness drive by the students





पंजाब केसरी 16-01-2023

## एन.एस.एस. स्वयंसेवियों ने किया श्रमदान

घुमारवीं, 15 जनवरी (ब्यूरो) : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में आयोजित एन.एस.एस. के 7 दिवसीय आवासीय शिविर की शुरूआत रविवार को प्रातः साढ़े 6 बजे योगाभ्यास के साथ हुई।

योगा सत्र के समय योग प्रशिक्षिका संघमित्रा तथा योगा प्रशिक्षक शशिपाल ने स्वयंसेवियों को जलनेति क्रिया करवाई तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाने के उपरांत उनके लाभ बताए। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के प्रांगण को स्वयंसेवियों द्वारा साफ किया गया।

तत्पश्चात स्वयंसेवियों द्वारा एन.एस.एस. का प्रतीक चिन्ह व एन.एस.एस. की आकृतियां पत्थरों द्वारा बनाई गईं, साथ ही उन्हें रंगों से भी सजाया गया। दोपहर उपरांत स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के निकट पट्टा गांव में प्राकृतिक जलस्रोत (बावड़ी), शिव मंदिर और वहां के रास्तों को भी साफ करके श्रमदान दिया। एन.एस.एस. प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. किरण तथा प्रो. अरुण ने बताया कि स्वयंसेवी अत्यंत उत्साह के साथ एन.एस.एस. की विभिन्न गतिविधियों में भाग ले रहे हैं तथा निष्काम भाव से सेवाएं दे रहे हैं।

घुमारवीं : घुमारवीं कालेज के स्वयंसेवी एन.एस.एस. शिविर के दौरान श्रमदान करते हुए।

# Organization of Blood donation camp

# घुमारवीं महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित, 30 विद्यार्थियों ने किया खूनदान

मारवीं, ( आपका फैसला )। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्याल




मारवीं में रक्तदान सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया
स शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने किया। इ
वसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं
कता। यह एक श्रेष्ठ मानवीय सेवा है।यह शिविर घुमारवीं के चिकि
धिकारी डॉ. पारस बभौरिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की पा
दस्यीय टीम ने इस शिविर में सहयोग दिया। इस शिविर के आयोजक प्र
एल जनेऊ ने कहा कि शिविर में प्रो. रिपन कुमार के अतिरिक्त 29
त्राओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक त
द्यार्थी उपस्थित थे।

**Developing teachership qualities among students by students**

दैनिक जागरण 6.9.22

# विद्यार्थियों ने निभाई शिक्षकों की भूमिका

- बिलासपुर के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को शिक्षक दिवस की धूम
- गुरुजनों ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया

जागरण टीम, घुमारवीं/बरठीं : जिला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सोमवार को शिक्षक दिवस की धूम रही। विद्यार्थियों ने शिक्षक की भूमिका निभाकर एक दिन कक्षा लगाए और इसमें विद्यार्थी शिक्षक बने। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण, गीत-संगीत से शिक्षकों के प्रति अपना स्नेह जताया।

शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की साहित्यिक समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य रामकृष्ण रहे। साहित्यिक समिति के संयोजक प्रो. अनित शर्मा ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता रहे प्रो. पीएल जनेऊ ने डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के संघर्षमय जीवन से विद्यार्थियों को परिचित करवाया। विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि अध्यापक दिवस को मात्र एक दिन तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि 364 दिनों में भी अपने मन में शिक्षकों के लिए मान-सम्मान दिखना चाहिए।

प्रो. जयचंद ने कविता पाठ किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य रामकृष्ण ने गुरु शिष्य परंपरा का वर्णन किया। जागृति धीमान ने साहित्य विषय पर कविता पाठ, शिवानी ठाकुर ने गुरु और शिष्य के अनोखे रिश्ते पर व दीक्षा शर्मा, कुसुम लता, स्वाति शर्मा ने गुरु शिष्य परंपरा और शिक्षक दिवस पर भाषण दिया। संगीत विभाग के छात्र रोहित ने गीत गाया। डा. रिपन कुमार ने मंच संचालन किया और संस्कृत विभाग की अध्यक्ष डा. अंजना ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों को धन्यवाद किया। वहीं, अल्फा पब्लिक सीसे स्कूल बरठीं में अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों को विशेष उपहारों से सम्मानित किया। सीनियर विद्यार्थियों को एक दिवस के लिए अध्यापक बनने का मौका मिला। शिया गौतम, रोहन गौतम, सानिया व सिमरन ठाकुर को श्रेष्ठ विद्यार्थी अध्यापक अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य एवं सह प्रबंधक अल्फा एजुकेशनल सोसायटी बरठीं टीडी शर्मा ने सभी अध्यापकों को विशेष उपहारों से सम्मानित किया।




...या मंथन : घुमारवीं कालेज में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम में उपस्थित प्राध्यापक व विद्यार्थी • जागरण

# Public awareness program about election process:

# घर से मतदान करने के लिए भरना होगा 12जी फॉर्म

**■ घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 1058 लोग घर से करेंगे मतदान**

बिलासपुर/घुमारवीं, 29 अक्तूबर (राम सिंह/कुलवंत): बिलासपुर सदर निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी रामेश्वर ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांग मतदाता जिन्होंने फॉर्म 12जी भर कर घर से मतदान करने की इच्छा जाहिर की है के लिए मतदान प्रक्रिया के लिए निर्वाचन क्षेत्र के तहत 11 मोबाइल पोलिंग टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इन मतदाताओं की सुविधा व सहयोग और मतदान सुदृढ़ीकरण के लिए यह गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के अनुरूप जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत यह दल कार्य करेगा। यह डाक मतपत्र मतदान दल सैक्टर अधिकारी के साथ उन सभी मतदाताओं के पास जाएगा जिन्होंने फॉर्म 12जी भर के स्वैच्छिक रूप से घर पर रहकर ही मतदान करने की इच्छा जाहिर की है। यह प्रक्रिया 1 नवम्बर से 5 नवम्बर तक जारी रहेगी।

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 1058 लोग घर से ही अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें 896 लोग वो हैं जिनकी आयु 80 वर्ष से ऊपर है जबकि 162 दिव्यांग इसमें शामिल हैं। इनके लिए घर से ही अपने मत का प्रयोग करने की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। यह जानकारी रिटर्निंग ऑफिसर एवं ए.डी.एम. घुमारवीं राजीव ठाकुर ने दी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से पुख्ता व्यवस्था की गई है और इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ करवाने की भी पूरी तैयारी की गई है। उन्होंने कहा कि 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, जो पोलिंग स्टेशनों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। उनके लिए चुनाव आयोग की ओर से घर बैठे मतदान करने की व्यवस्था कर रखी है। उन्होंने कहा कि इस मतदान को करवाने के लिए 18 टीमें गठित की हैं जोकि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में 1 से 5 नवम्बर के बीच सभी पोलिंग स्टेशन के ऊपर पहले तीन दिन में पहुंचेंगी। उस दौरान दो पोलिंग ऑफिसर, वीडियो ग्राफर व अन्य टीम के सदस्य तथा पार्टी के पोलिंग एजैंट भी मौजूद रहेंगे। अगर इस दौरान मतदाता घर पर नहीं मिले तो टीम दोबारा विजिट करेगी लेकिन अगर फिर से मतदाता घर पर नहीं पाया गया तो इसके बाद टीम द्वारा विजिट नहीं होगा। इसके बाद वह इस मतदान को नहीं कर सकते हैं। उन्होंने उनसे आग्रह किया है जिन्होंने 80 वर्ष से ऊपर या दिव्यांग वोटर के लिए अप्लाई कर रखा था तो वह 1 से 5 नवम्बर के बीच घर पर रहें ताकि उनका मतदान हो सके।



मारवी : पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन

# Training Program of BBA BCA



अमर उजाला 17.12.22

## घुमारवीं महाविद्यालय के बीसीए एवं बीबीए के विद्यार्थी औद्योगिक भ्रमण पर

बिलासपुर स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी द्वारा संचालित स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम यानी सैल्फ फाईनैंसिंग कोर्स बीसीए तथा बीबीए के दो अलग-अलग दो समूहों को तीन दिवसीय औद्योगिक भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण का पूरा व्यय महाविद्यालय एचईआईएस प्रबंधन द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने औद्योगिक भ्रमण के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इस भ्रमण से रोजगार के अवसरों को खोजने का आह्वान किया। इस अवसर पर एचईआईएस के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के महत्व तथा व्यवसायिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ऐसे एक्सपोजर, कमर्शियल तथा इंडस्ट्रियल विजिट से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनमें आत्मविश्वास पैदा होता है और महाविद्यालय विद्यार्थियों को इस तरह के अवसर प्रदान करता रहता है। इन दो भ्रमण दलों का नेतृत्व प्रो. अमर पाल, प्रो. प्रियंका, प्रो. रोहित तथा डा. रवि तथा प्रो. रश्मि पठानिया कर रहे हैं।



पंजाब केसरी 3.1.23

# विद्यार्थियों का 40 सदस्यीय दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

घुमारवीं, 2 जनवरी (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने शैक्षणिक भ्रमण हेतु दल को रवाना किया। इस दल में विभिन्न कक्षाओं के 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

यह दल जयपुर, पुष्कर, अजमेर, फतेहपुर सीकरी, आगरा, मथुरा, वृंदावन तथा दिल्ली में स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण करते हुए 8 जनवरी को घुमारवीं वापस पहुंचेगा। इस दल का नेतृत्व सहायक आचार्य हिंदी डा. अंजू शर्मा तथा सहायक आचार्य कम्प्यूटर विज्ञान प्रो. राजीव शर्मा कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम के आयोजन में प्रो. पी.एल.जनेऊ, प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. अनिल जम्वाल, प्रो. बच्चन सिंह तथा प्रो. मनोरमा सहित महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने सहयोग दिया।

दल को रवाना करते हुए प्राचार्य रामकृष्ण तथा महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया तथा उन्हें अनुशासन में रहने का आदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास तथा सामाजिक समझ को विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे विद्यार्थी न केवल अपने देश को और अधिक अच्छे ढंग से समझ पाते हैं अपितु इससे उनमें नेतृत्व क्षमता तथा स्वयं को भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने की क्षमता भी विकसित होती है इस अवसर पर आशीष, शिवम अंकिया, कशू, गोबिंदा, सिमरन, कोमल तथा अन्य विद्यार्थी शामिल रहे।



## Collective Activity Sanbidhan Divas and Rangoli/Mehndi Competition


अमर उजाला 27-11-2022

# संविधान दिवस : छात्रों, कर्मियों को दिलाई शपथ

## बिलासपुर जिले के शिक्षण संस्थानों और निजी कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों और स्पर्धाओं का आयोजन

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के साथ दी गई संविधान की जानकारी


अमर उजाला 13-8-22

# रंगोली स्पर्धा में बीएससी तृतीय वर्ष की श्वेता और शिल्पा प्रथम

## घुमारवीं कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिताओं में 11 टीमों ने लिया भा


पंजाब केसरी

# मेहंदी प्रतियोगिता में एम.एससी. बॉटनी की शबनम और शिल्पा रहीं प्रथम

### दीवाली के अवसर पर कालेज में मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता की आयोजित

## Educational Trip by MSc Math’s and MSc Chemistry students






**Practical work by the students**





## Awareness Program against Drug Abuse



5.3.23 आपका फैसला

घुमारवीं कालेज में नशे के खिलाफ विद्यार्थियों ने निकाली रैली

बिलासपुर, (आपका फैसला)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति सप्ताह के अंतर्गत आज छठे दिन का रैली के माध्यम से नशे पर प्रहार किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रोवर एण्ड रेंजर इकाई द्वारा ... लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने जोर शोर से नारे लगाते हुए लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। ... प्रो. पूनम, प्रो. मुनीश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी तथा प्रो. अरुण के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने विद्यार्थियों को संबोधित करने उपरांत रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल व्यक्ति को शारीरिक रूप से बल्कि उसकी मानसिक क्षमताओं को भी बुरी तरह प्रभावित करती है। इस अवसर पर महाविद्यालय समस्त समितियों के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा भी मौजूद रहे।

## State Level Participation program of Rangers and Rovers



घुमारवीं कालेज के रोवर्स और रेंजर्स ने लिया राज्य स्तरीय निपुण टैस्टिंग कैंप में भाग

घुमारवीं : रिवालसर में आयोजित राज्य स्तरीय निपुण टैस्टिंग कैंप में भाग लेने वाले स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के रोवर्स और रेंजर्स।

**Visit of Botany Students to Tissue Culture Lab Dadhol, Bilaspur (HP)**







**Visit of Botany Students to Mushroom Cultivation Center Solan(HP)**




